# व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण भारत विकास परिषद का प्रमुख ध्येय : डॉ. त्रिभुवन शर्मा

**कोटा,** (निसं)। भारत विकास परिषद दक्षिण-पूर्व (हाड़ौती) प्रांत का दायित्व ग्रहण समारोह पुरुषार्थ भवन, कोटा में संपन्न हुआ। दायित्व ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि श्याम शर्मा, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री भारत विकास परिषद, अध्यक्षता त्रिभुवन शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद, विशिष्ट अतिथि गोविंद माहेश्वरी निदेशक एलन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा, संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण, पदस्थापना अधिकारी कमल सुरेका क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव, प्रांतीय संरक्षक किशन पाठक मंचासीन रहे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने प्रांतीय अध्यक्ष रविप्रकाश विजय, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी, प्रांतीय वित सचिव अरविंद गर्ग को सत्र 2024- 25 के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष रवि प्रकाश विजय ने आगामी वर्ष में अपने सेवा लक्ष्यों के बारे में सदन को अवगत कराया, क्षेत्रीय अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा की परिषद के पंच आयामों के अनुरूप कार्यकर्ता निर्माण से राष्ट्र निर्माण भारत विकास परिषद का प्रमुख ध्येय है, विशिष्ट अतिथि गोविंद माहेश्वरी ने परिषद परिवार के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए सेवा के लक्ष्यों को और आगे तक शीघ्र आगे ले जाने के लिये शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा ने अपने संबोधन में संगठन निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका और कार्यकर्ता निर्माण के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक आवश्यकता की पूर्ति के साध्य की बात पर ज़ोर दिया उन्होंने आगामी सत्र में प्रांत को शाखाओं की संख्या एवं सदस्यता बढ़ाने का आग्रह किया प्रांतीय संरक्षक किशन पाठक ने प्रांत द्वारा पिछले दो वर्षों में किए अभूतपूर्व कार्यों में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

आगामी सत्र में भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करते रहने का आव्हान किया, कार्यक्रम की आथित्य शाखा सुभाष शाखा के अध्यक्ष तेजेश गोयल ने स्वागत भाषण दिया, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी ने संगठन कार्य हेतु कार्यकर्ता का मन किस प्रकार का होना चाहिए बताते हुए कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों एवं प्रांत के सभी गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा भारत माता, विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस एवं भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया, मंचासीन अतिथियों का सुभाष शाखा के पदाधिकारिओं द्वारा किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम द्वारा एवं समापन राष्ट्रगान जन-गण-मन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सदस्य मेघना खंडेलवाल एवं परेश सक्सेना द्वारा किया गया, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) विजय सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष (संस्कार) महेन्द्र नागर, प्रांतीय उपाध्यक्ष (संपर्क) मनोज शर्मा, प्रांतीय सह सचिव डॉक्टर प्रियंका सैनी, प्रांतीय महिला एवं बाल विकास प्रमुख सुनीता गोयल (जॉली), प्रांतीय कार्यालय प्रभारी महेंद्र कुमार गोयल, प्रांतीय मीडिया प्रभारी चंद्रप्रकाश नागर एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सारिका मित्तल कोटा, हरिओम विजय कोटा, नरेंद्र पोरवाल कोटा, प्रकाश धारीवाल रामगंजमंडी, मनोज कोठारी कोटा, संदीप गुप्ता झालावाड़, नारायण सिंह चौहान कोटा, डी.डी.बंसल कोटा, राजीव पावा बूंदी, पुखराज ओसवाल नैनवा, ललित अग्रवाल छबड़ा, मेघना खण्डेलवाल कोटा, मुकेश गुप्ता बांरा नियुक्त किए गए, कोटा महानगर समन्वयक किशन पाठक, सह समन्वयक रोहित विजय, कोटा ज़िला प्रभारी अमन जैन, बूंदी ज़िला प्रभारी प्रदीप माथुर, बारा ज़िला प्रभारी धीरज बाठला, झालावाड़ ज़िला प्रभारी गोविंद भराडिया, सुधीर खंडेलवाल, बूंदी नगर समन्वयक ओमप्रकाश जैन, भवानीमंडी नगर समन्वयक प्रकाश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास ज़िला प्रभारी कोटा रचना पाठक, बूंदी महिला प्रभारी संगीता मुंदड़ा, बांरा महिला प्रभारी मृदुला जैन, झालावाड़ महिला प्रभारी मीनाक्षी जाखेटिया एवं विभिन्न प्रकल्पों के प्रभारी व सह प्रभारी ने शपथ ग्रहण की कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय, रीजनल एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामगंजमंडी पुलिस ने चोरी हुये ट्रक को 10 घंटे के भीतर बरामद किया

■ चोरी हुये ट्रक को 10 घंटे के भीतर बडगांव कोटा के पास से बरामद करने में सफलता प्राप्त की

**रामगंजमंडी** (निसं)। स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये चोरी हुये ट्रक को 10 घंटे के भीतर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उक्त जानकारी देते हुए करन शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 मे आचार संहिता के दौरान पुलिस थाना रामगंजमंडी पर 21 अप्रैल रविवार को फरियादी दिलीप पारेता निवासी खैराबाद ने एक ट्रक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। जिसमें थाना रामगंजमंडी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 10 घंटे के भीतर ट्रक को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है।

घटनाक्रम का विवरण-फरियादी दिलीप पारेता पुत्र रतनलाल पारेता निवासी खैराबाद थाना रामगंजमंडी जिला कोटा ने उपस्थित थाना होकर एक लिखित रिपोर्ट दी कि प्रार्थी का ट्रक 20.04.2024 रात्रि करीब 10 बजे धानमंडी से चोरी हो गया है। जिसका न. आरजे-33-जीए-3671 है। उक्त ट्रक का कही पता नही चल रहा है। निवेदन है कि प्रार्थी की ट्रक आरजे-33-जीए-3671 की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरी हुये ट्रक को तलाश कराने की कृपा करें। इत्यादि तहरीरी रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 150/2024 धारा 379 भादस में दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

कार्यवाही का विवरण-ट्रक चोरी की घटना की जानकारी पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ग्रामीण रविन्द्र सिंह के सुपरविजन में नरेन्द्र पारीक वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन में रामनारायण भंवरिया पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम थाना स्तर की 03 टीम का गठन किया जाकर टीमों को दरा मण्डाना, कोटा, हिन्डोली, केशोरापाटन एवं झालावाड, रवाना किया गया। तीनों टीमों द्वारा उक्त ट्रक की तलाश हेतू अभय कमाण्ड सेन्टर कोटा के सीसीटीवी, टोल टेक्स के सीसीटीवी, तथा अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक कर आसूचना तंत्र से सूचना एकत्रित कर चोरी हुये ट्रक को 10 घंटे के भीतर बडगांव कोटा के पास से बरामद करने में सफलता प्राप्त की गयी है तथा मुल्जिमानों की तलाश पतारसी जारी है।

कार्यवाही पुलिस टीम में रामनारायण भंवरिया पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी झाबर सिंह सउनि जगवीर सिंह हैडकानि. मुकेश कानि. जितेन्द्र कानि. भानाराम कानि. अनिल कानि. चमन कानि. व बाबूलाल कानि.शामिल थे। कार्यवाही को अंजाम देने में विशेष भूमिका झाबर सिंह सउनि की रही।

## सार-समाचार

### श्रीमद्‍भागवत कथा का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच कोटा द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा से हुआ। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच कोटा के तत्वावधान में बालाजी धाम आर के पुरम से भव्य कलश यात्रा चित्तौड़ा भवन के लिए रवाना हुई, कलश यात्रा को समाजसेवी डॉ.अमिता बिरला व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता द्वारा भगवा झंडी दिखाकर प्रारम्भ किया गया। कलशयात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। पारम्परिक परिवेश में महिलाएं भगवान के भजनों पर नाचती-गाती रही। रास्ते में विभिन्न समाज व संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर व स्वागत द्वार लगाकर कलशयात्रा का स्वागत किया। डॉ.अमिता बिरला ने सिर पर श्रीमद्‌भागवतजी को धारण किया। मुख्य मंगल कलश भी धारण किए गए और ध्वज पताकाएं लहराती रही। कलशयात्रा का बालाजी धाम कार्यकारणी सदस्यों ने चित्तौड़ा समाजबंधुओं का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा पर पुष्पों की वर्षा ड्रोन द्वार की गई। श्री वैश्य चित्तौड़ा महिला जागृति मंच की अध्यक्षा कल्पना गुप्ता व सचिव भूमिका गुप्ता ने बताया की श्रीमद् भागवत कथा 22 अप्रैल को रविशंकर उपाध्याय मथुरा वालो द्वारा प्रतिदिन आयोजित की जाएगी। जिसमें सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु धर्मलाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### कोटा मंडल को सालभर में टिकट बुकिंग से 550 करोड़ का राजस्व मिला

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन, वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1536.56 करोड़ आय अर्जित हुआ जोकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल अर्जित आय से 1.20 प्रतिशत अधिक है। गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय में 2.7 करोड़ बुक किये गए यात्रियों से रुपये 550 करोड़, अन्य कोचिंग से रुपये 38.50 करोड़, माल परिवहन से रुपये 906.06 करोड़, विविध आय रुपये 42.40 करोड़ शामिल है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने कहा कि हम टीम भावना से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और आने वाले दिनों में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कोटा मण्डल रेल प्रशासन अपने सम्माननीय रेल उपभोक्ताओं को शिकायत रहित सेवा प्रदान करने के प्रति कृत संकल्प है, साथ ही रेल राजस्व बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।

### 'हम मेहनतकश लोकतंत्र की है दम'

**कोटा,** (निसं)। कीर्तांशिम् दी ग्रुप ऑफ़ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सुबह सवेरे चुनाव की चौपाल घुमंतु परिवारों के साथ आयोजित की गयी। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को संस्थान की ओर से घुमंतू मतदाताओं के परिवारों से संवाद कर उन्हें मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए 26 अप्रेल को आवश्यक रूप से लोकतंत्र के पर्व पर मतदान कर अपनी भागीदारी निभाने के लिए कहा गया। संस्थान की महासचिव रेखा सैनी ने इस अवसर पर घुमंतू परिवारों की महिलाओं को भी अभियान से जोड़ते हुए मत का आवश्यक रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की स्थिति मे आवश्यक 12 दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान घुमंतू समाज के लोगों ने कहा कि वह मेहनतकश है और वह लोकतंत्र की दम है। कार्यक्रम के दौरान घुमंतू समाज के परिवारों को मतदाता जागरूकता की शपथ में दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ.मीरा, डॉ. जी.आर. गोयल व डॉ. दीप सिंह मुख्य रूप मौजूद रहे है।

### चुनाव में अधिग्रहीत वाहन नहीं भेजने पर कार्यवाही शुरू

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए आरटीओ द्वारा वाहनों का अधिग्रहण किया गया है। चुनाव के लिए 670 बस/मिनी बस, 570 टैक्सी वाहनों की आवश्यकता है। वाहन मालिकों को परिवहन विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि वे नियत तिथि को अपने वाहन चुनाव के लिए भिजवा दें, जो वाहन रिपोर्ट नहीं करेगा उसके मालिक के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी दिनेश सिंह सागर ने बताया कि उक्त स्थिति में 1 वर्ष का कारावास या जुर्माना या दोनों हो सकता है। इसके अलावा सम्बन्धित वाहन की आरसी और परमिट भी निरस्त कर दिया जायेगा। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को अपनी वाहन चुनाव के लिए भिजवाकर अनावश्यक परेशानी से बचें।

### संभागीय आयुक्त ने डाक मत पत्र के जरिए मतदान किया

**कोटा,** (निसं)। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए डाक मत पत्र के जरिए मतदान किया। संभागीय आयुक्त ने जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में स्थापित किए गए डाक मत पत्र सुविधा केन्द्र पर जाकर विधिवत् डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस अवसर पर उन्होंने कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतंत्र में सबसे बड़े अधिकार मतदान के अधिकार का प्रयोग करें और 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट जरूर डालें।

### 'पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण सत्र में भाग लें'

**कोटा,** (निसं)।संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया सोमवार को जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में चल रहे मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का जायजा लेने पहुंची। इस अवसर पर प्रशिक्षण ले रही महिला कार्मिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सत्र में पूरे मनोयोग के साथ मतदान प्रक्रिया को समझें एवं 26 अप्रेल को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने में अपना पूरा योगदान दें। संभागीय आयुक्त ने ईवीएम प्रायोगिक प्रशिक्षण काउंटरों पर जाकर ईवीएम एवं वीवीपेट संचालन की प्रक्रिया की जानकारी ली।

# भाटिया एंड कम्पनी में मतदान करने के लिए शपथ दिलाई

**कोटा,** (निसं)। चम्बल इण्डस्ट्रियल एरिया थेकड़ा मेन रोड़ स्थित भाटिया कंपनी के वर्कशॉप पर लोकसभा चुनाव के लिए शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई।

ऋषभ कुमार जैन, (उप मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर), पुरूषोतम शर्मा (स्वीप समन्वयक कलक्ट्रेट कोटा), महेंद्र सिंह राजावत, (उद्योग निरीक्षक, उद्योग विभाग कोटा), राजकुमार सोनी (सहायक प्रशासनिक अधिकारी फैक्ट्री एवं बॉयलर) से आये पदाधिकारियों द्वारा सभी स्टाफ को 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने का संकल्प दिलाया एवं निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी जागरूक किया। इसके साथ ही अपने-अपने मोबाइल के द्वारा जिलाकोटा.को.इन. वेबसाइट पर जाकर ई-शपथ भी दिलवाई गई जिसमें हाथों-हाथ एक ई-सर्टिफिकेट भी जिला निर्वाचन आयोग कोटा द्वारा दिया गया। अंत में कम्पनी के निदेशक प्रेम.जे. भाटिया ने आने वाले सभी मेहमानों का उनका आभार व्यक्त किया।



भाटिया एंड कम्पनी में मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बालाजी धाम मंदिर में हनुमान जयंती मनेगी

**कोटा,** (निसं)। बालाजी धाम मंदिर, आर के पुरम सेक्टर-ए में भगवान हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि बालाजी धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुंदरकाण्ड, महाअभिषेक व आरती का आयोजन होगा। जिसमें भक्ति भाव से सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। महासचिव योगेश विजय ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव मनाने के लिए लोग आतुर रहते है मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ देखी जाती है। संरक्षक एम.एम.कुर्मी, शिवकुमार सोनी, ओ.पी.शर्मा, विजय गोयल, रामकृष्ण खंडेलवाल, ईश्वर लाल सैनी आदि आयोजन की व्यवस्थाओं को पूर्ण करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे है। मंदिर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार प्रात: 9 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

# डॉक्टर मरीज को प्रकृति संरक्षण की सलाह देना शुरू किया

■ पृथ्वी दिवस पर चंबल संसद की पहल

**कोटा,** (निसं)। विश्व पृथ्वी दिवस पर शहर के गणमान्य चिकित्सकों ने मरीज के उपचार के दौरान डॉक्टरी परिचय पर प्रकृति संरक्षण की सलाह देना शुरू कर दिया है।

सोमवार को अनंतपुरा में वन विभाग के स्मृति वन स्थित लव-कुश वाटिका में पृथ्वी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में स्मृति वन सलाहकार समिति, चम्बल संसद, बाढ़ सुखाड़ विश्व जन आयोग, बाघ-चीता मित्र, जल बिरादरी के पर्यावरण प्रेमियों एवं विभिन्न पद्धतियों के चिकित्सकों ने इस बात पर चिंता जताई कि पर्यावरण के प्रति सजग नहीं रहने के कारण कई प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।

खान-पान और बदलती जीवन शैली के कारण मनुष्य कई रोगों का शिकार बन जाता है इसलिए दवाइयां के साथ पेड़ लगाने और जल संरक्षण प्रदूषण से बचाव के उपाय भी करने होंगे। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि हमें हमारे बिगड़े हुए खान-पान और पर्यावरण को सुधार कर जल एवं वायु प्रदूषण को से धरती को और स्वयं को भी बचना होगा।

जिला विधिक सेवा समिति सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर जन जागरूकता को बढ़ावा दे रही है। वरिष्ठ न्यूरो सर्जन एसएन गौतम ने कहा कि जो भी हम प्रकृति को देते हैं वह वापस लौट कर देती है वृक्ष लगाएंगे तो प्राण वायु ऑक्सीजन मिलेगी, कचरा फैलाएंगे या कचरा बनाएंगे तो बीमारियां ही मिलेंगी।

हमारे जल स्रोत नदियों और तालाबों को प्रदूषण से बचने की सख्त जरूरत है। इस अवसर पर कोटा मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर आर.पी. मीना ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य में मनुष्य में कई प्रकार की बीमारियां बढ़ रही है उससे लगता है कि हम अपनी प्रकृति मां धरती के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ कर रहे हैं। इसी कारण बढ़ते तापमान और बिगड़ते पर्यावरण की वजह से ही कई तरह की बीमारियां पनपती हैं।

हम जैसे चिकित्सकों का दायित्व बनता है कि लोगों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया जाएं। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर रघुनंदन शर्मा ने कहा कि जल एवं वायु प्रदूषण के कारण प्रदूषण के कारण एपिडेमिक बीमारियां फैल रही हैं। शर्मा ने कहा कि फ्रूट एसेंस के नाम पर खण्डा पेयपदार्थ रासायनिक जहर लेमनग्रास पिलाया जा रहा है। नकली दवाइयां के कारोबार को शक्ति से रोकने की जरूरत है।

## बूंद-बूंद पानी को तरसते रहे कच्ची बस्ती के लोग

**कोटा,** (निसं)। पिछले शासन मे कोटा शहर की कच्ची बस्तियों के लोग चम्बल के किनारे रहते हुए बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते रहे और शहर के 2.5 लाख लोग फ्लोराईड का दूषित पानी पीने पर मजबूर हो गए लेकिन पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने कोटा के विकास और सौन्दर्यीकरण और रिवर फ्रंट पर 6 हजार करोड़ रूपए खर्च कर दिए उनको इस बात की सुध नहीं आई। पूर्व संसदीय सचिव भवानीसिंह राजावत ने भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के प्रचार मे अनन्तपुरा तालाब बस्ती मे लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सौन्दर्यीकरण व चम्बल रिवर फ्रंट पर अरबों रूपए खर्च करने वाले धारीवाल को इतना भी दर्द नहीं हुआ कि शहर के लाखों लोग चम्बल के पानी को तरस रहे हैं, उन्होनें लोगों को भरोसा दिलाया कि अब कच्ची बस्ती, मल्टीस्टोरी या घनी आबादी इन सब मे नल से जल पहुंचेगा कांग्रेस के राज मे बरसों से लोग पीने के पानी के लिए तरसते रहे लेकिन अब 14 करोड़ गांव मे नल से जल पहुंच रहा हैं और कोटा शहर मे चम्बल नदी मे पर्याप्त मात्रा मे जल उपलब्ध हैं लाखों गैलन पानी बैराज से समुद्र मे छोड़ दिया जाता हैं लेकिन अब हमारी सरकार बूंद-बूंद पानी का उपयोग करेगी। 20 हजार की आबादी वाली तालाब बस्ती के राशन कार्ड हैं लेकिन लोग खाद्य सामग्री से वंचित हैं इन सबकों अब राशन भी मुहैया करवाया जाएगा तालाब बस्ती मे जल्द ही सामुदायिक भवन शीघ्र ही बनवाया जाएगा।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड संख्या 664 मुकन्दरा विहार आवासीय योजना कोटा को बेचने का इकरार पवन शर्मा पुत्र बजरंगलाल शर्मा निवासी महावीर नगर तृतीय कोटा एवं नितिन जैन पुत्र विरेन्द्र कुमार जैन निवासी महावीर नगर प्रथम कोटा के द्वारा श्रीमती विमला बघेरवाल पत्नी नन्दकिशोर खटीक निवासी केशवपुरा सेक्टर-7 कोटा के मुख्तारआम की हैसियत से रवि सुमन पुत्र मांगीलाल जी के साथ किया है। मुख्तारनामा आम दिनांक 21.09.2023 को उपपंजीयक मण्डाना के यहां पंजीकृत है। अतएव इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी को उक्त सौदे के बाबत कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 योम की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक : 22.04.2024

संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम कुलदीप सिंह से बदलकर नया नाम कुलदीप सिंह शेखावत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-कुलदीप सिंह शेखावत पुत्र विजय सिंह मकान नम्बर-1 गोपाल विहार पुलिस लाईन कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MOHD SOHAIL AKTHAR से बदलकर नया नाम MOHAMMAD SOHAIL AKHTAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मोहम्मद सोहेल अख्तर पुत्र मोहम्द रईश गरीब नवाज कालोनी केशोराय पाटन बून्दी

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम SADDIQUE HUSSAIN ANSARI से बदलकर नया नाम SADIQ HUSAIN ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-सादिक हुसैन अन्सारी पुत्र अली मोहम्मद तलेहटी मोहल्ला मदार की मस्जिद कैथून कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम श्वेता बिमल जैन से बदलकर नया नाम श्वेता गर्ग पत्नी सौरभ कुमार गर्ग रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-श्वेता गर्ग पत्नी सौरभ कुमार गर्ग ए-738 इन्द्रा विहार कोटा (राज.)

**कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि., कोटा**
प्रधान कार्यालय, रावतभाटा रोड़ कोटा

**निविदा सूचना** दिनांक 23.4.2024

बैंक को अपनी नवीनतम परिसर शाखा दादाबाडी व बोरखेडा में फर्नीचर, लाईट व अन्य कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 29.04.2024 अपराह्न 1 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखा में कार्यालय समय पर संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रबंध निदेशक

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कृषि भूमि रुपान्तरण नगर परिषद बारां**

क्रमांक:-नपबा/रुपा./2024/ लोक सूचना दिनांक:-

श्रीमती छोटी बाई पुत्री कंवरया व श्री पूरनमल पुत्र श्री लच्छीराम सोहनलाल पुत्र श्री कंवरया व लालचन्द पुत्र रामकरण निवासी बारां राजस्थान ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| बारां तहसील व जिला बारां | आमापुरा | 287 | 1.76 हेक्टेयर में से 0.8486 हेक्टेयर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज........को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2022-24/06 दिनांक:-15.04.24

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए भूखंड संख्या 43 का आवंटन क्रमांक 31 दिनांक 19.09.2002 को श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल पुत्र श्री रामावतार गुप्ता के नाम आवंटन किया गया था। जिसके उपरांत क्रेता श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल पुत्र श्री रामावतार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 01.02.2023 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल पुत्र श्री रामावतार गुप्ता के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्रीमती प्रीती खण्डेलवाल पत्नी स्व. श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल एवं वत्सल खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल द्वारा उक्त भूखंड संख्या 43 श्रीरामकृष्णपुरम-ए अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 43 श्रीरामकृष्णपुरम-ए का नामहस्तान्तरण श्रीमती प्रीती खण्डेलवाल पत्नी स्व. श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल एवं वत्सल खण्डेलवाल पुत्र स्व. श्री पुष्पेन्द्र खण्डेलवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 164 जाहिर आम सूचना दिनांक - 19.4.24

आवास संख्या 6-ई-8 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री ब्रहमानन्द मिश्रा पुत्र श्री ब्रजवासी लाल मिश्रा को किया गया था। श्री ब्रहमानन्द मिश्रा पुत्र श्री ब्रजवासी लाल मिश्रा की मृत्यु दिनांक 10.02.2003 को हो चुकी है। इनकी मृत्य हो जाने के उपरांत इनके वारिसानों में श्रीमती पूर्णिमा पत्नी श्री संजय कटारा, श्रीमती स्वतन्त्रता दीक्षित पत्नी श्री आशुतोष दीक्षित, श्री अर्चना पत्नी श्री देवकीनन्दन, श्रीमती विनय पत्नी श्री राकेश शर्मा एवं श्री अल्का पत्नी श्री पुष्पेन्द्र शर्मा द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये शपथ पत्र/घोषणा पत्र आलेखित कर दिनांक 20.12.2023 को श्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री रिपुसूदन मिश्रा के पक्ष में किया गया। श्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री रिपुसूदन मिश्रा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास संख्या 6-ई-8 विज्ञान नगर कोटा का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री रिपुसूदन मिश्रा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री रिपुसूदन मिश्रा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री बुद्धि प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री रिपुसूदन मिश्रा के नाम कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# पृथ्वी का संरक्षण रिड्यूस, रिफ्यूज, रीसायकल, रियूज से संभव : प्रजापति


■ वर्षगांठ पर विश्व पृथ्वी दिवस की थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**कोटा,** (निसं)। कोटा से प्रारंभ हुए सोसाइटी हैज ईव शी इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के गौरवशाली नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में महालक्ष्मी पुरम नया नौहरा में समारोह का आयोजन किया जिसमें 2024 की विश्व पृथ्वी दिवस की थीम 'प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक' यानी ग्रह बनाम प्लास्टिक' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ.निधि प्रजापति सोसाईटी हैज ईव शी इंटरनेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पिछले 9 वर्षों से पर्यावरण, महिला शिक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य, सुरक्षा, मासिक धर्म स्वच्छता, रक्तदान, सुरक्षित विधार्थी जीवन, शांति, सद्भावना, एकता, गाँधी दर्शन आदि क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान देती आई है और इस बार भी अंतर्राष्ट्रीय थीम के अनुरूप नयानौहरा क्षेत्र की 25 कामकाजी महिलाओं और पुरुषों को इकोफ्रेंडली एवं स्वास्थ्यवर्धक मिट्टी की पानी की बोतल संस्था के द्वारा भेंट स्वरुप दी गयी क्योंकि ये लोग आमतौर पर प्लास्टिक की बोतल काम में लेते है जिसमे पानी गरम होने के बाद स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो जाता है जबकि मिट्टी बोतलों का प्रयोग हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद रहता है।

ट्रस्ट की संरक्षक और बायोलॉजी एक्सपर्ट नीतू मेहता भटनागर ने वहा उपस्थित सभी कर्मियों को बताया की पर्यावरण को बचाने के कैसे हम अपने व्यक्तिगत स्तर पर प्लास्टिक का उपयोग जीवन में कम कर सकते है और कैसे रिड्यूस, रिफ्यूज, रीसायकल, व रियूज़ की कार्य प्रणाली को अपने जीवन में अपना सकते है।

हमें पुन: मिट्टी की संस्कृति को अपनाना होगा। संरक्षक भुवनेश बबलानी ने कहा की हमारे ग्रह के लिए यह बहुत जरुरी है की हम प्लास्टिक के उपयोग को बंद करें और उसके स्थान पर उसके विकल्प जैसे मिट्टी के बर्तन, कपड़े व कागज के थैले आदि का प्रयोग करे अन्यथा हमारा अस्तित्व पृथ्वी पर खतरे में आ जायेगा अभी नहीं सुधरेंगे तो बहुत देर हो जाएगी। इस मौके पर अंत में संस्था के गौरव भटनागर, राकेश पुरुस्वानी, सुविधा डिमेलो, रत्ना सक्सेना, नेत्रा प्रजापति, जाग्रति तलरेजा, राजकुमार, रफ़ीक, नवीन लश्करी, कुशल सहित सभी उपस्थित रहे कर्मचारियों मिलकर संस्था का नवी वर्षगांठ का केक काटा।


कोटा में हैज ईव शी संस्था ने इकोफ्रेंडली एवं स्वास्थ्यवर्धक मिट्टी की पानी की बोतल भेंट स्वरुप दी।

## सार-समाचार

### हज यात्रियों का स्वागत किया



**रावतभाटा,** (निसं)। हज यात्रा पर जाने वाले लोगो का गरीब नवाज़ वेलफेयर सोसाइटी ने किया स्वागत। ग्रामीण क्षेत्र से हज यात्रा पर जाने वाले रइसा बेगम बडौदिया, सदर शरीफ खान, पूर्व सरपंच बाबू मंसूरी, उमर, अझर्ग, रफीक, इंसाफ, जाकिर आदि लोगो का गरीब नवाज़ वेलफेयर सोसाइटी के सदर मुनाफ खान व नायाब सदर फैज़ान शेख, मन्नू खान, अन्नू,खान, सलीम पठान, नजीर खान, निजाम अंसारी, तारीफ खान, दानिश पठान, शोयब शेख, आसिफ, तोकिर, नाज़िम, जानू शादाब, इकराम आदि ने कोटा बेरियल चौराहे पर स्वागत किया। मुनाफ खान व फैज़ान शेख ने बताया की इस्लाम के पांच उपदेशों मे से हज एक खास उपदेश है जिसे खुदा ने माल धन दिया है उस पर हज अनिवार्य है हज पर जाने से लोगो का तन मन दोनो ही पवित्र हो जाते हैं।

### 215 मरीजों की आंखों की जांच की

**छीपाबड़ौद** (निसं)। भारत विकास परिषद् के तत्वावधान में हर माह की भांति निःशुल्क नेत्र जाँच एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर जिला अंधता निवारण समिति बांरा के निर्देशन में लगाया गया। अध्यक्ष राजेंद्र कुमार योगी और सचिव विकास सोनी ने बताया की स्वर्गीय शांतिदेवी जैन और स्वर्गीय नीता जैन की पुण्य स्मृति में माणक चन्द जैन, गजेन्द्र जैन, सीमा जैन (सरपंच), अक्षय जैन, अजय जैन के सहयोग से निशुल्क नैत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। मां भारती और विवेकानंद जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात भामाशाहों का स्वागत सम्मान प्रांतीय उपाध्यक्ष महेन्द्र नागर,जिला प्रभारी धीरज बाठला,अखिलेश गर्ग, विक्रम सिंह हाड़ा,अनिल जैन द्वारा किया गया। शिविर प्रभारी नरेंद्र बाठला और सहप्रभारी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि शिविर में डा.रवि कुशवाह,जीतू शर्मा, डॉ सोनू अहीर,एवं श्री सतगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर की विशिष्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा 215 मरीजो की जाँच कर निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गई एवं 74 मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाये गये मरीजों को चिन्हित कर सतगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर भेजा गया साथ ही सभी मरीजों को भोजन के पैकिट और पानी की बॉटल वितरित की गई शिविर में मांगरोल, अकलेरा, अटरू, छबडा, मनोहरथाना, सांगोद, किशनगंज, झालावाड, बारां के मरीज निःशुल्क जांच और ऑपरेशन करवा रहे है शिविर में भूपेंद्र सिरोहिया,धनराज सुमन भारत विकास परिषद के सदस्यों सहित स्काउट गाइड के छात्रों का भी सहयोग रहा।

### स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया

**रावतभाटा,** (निसं)। श्रद्धालय पब्लिक स्कूल में सोमवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में स्कूल में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। संस्था के चेयरमैन ए.जी. मिर्जा ने बताया की पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों का भी घर है, लेकिन इंसान अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पृथ्वी को कई तरह के नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके चलते कइ आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। संस्था के निदेशक डॉ अजहर मिर्जा व डॉ मजहर मिर्जा ने बताया की पृथ्वी के संरक्षण और पर्यावरण को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना अति आवश्यक है। विश्व में अंधाधुन पेड़-पौधे की कटाई हो रही हैं। ऐसे में विश्व पृथ्वी दिवस के जरिए लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसको मनाने का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के महत्त्व को बताना और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए जागरूक करना है।

### 'योग से गंभीर रोगों से बच सकते हैं'

**रावतभाटा,** (निसं)। आरोग्य भारती रावतभाटा द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवस की जीवन शैली योग शिविर में सोमवार को परमाणु बिजलीघर के फार्मासिस्ट जितेंद्र वर्मा वेस्ट मैनेजमेंट के पंकज द्वारा दीपप्रज्वल कर योग शिविर का शुभारंभ किया गया। आरोग्य भारती के अध्यक्ष हरीश वाधवा ने बताया कि योगाचार्य राधेश्याम शर्मा द्वारा जीवन शैली के मोटापा रोग निवारण हेतु जोगिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, नौकासान, भुजंगासन, पाद चक्रासन, सूर्यभेदी प्राणायाम, कपालभाति, अग्निसार प्राणायाम, ध्यान योग, निद्रा कराया, मोटापा दूर करने के लिए सूर्य मुद्रा का रामबाण इलाज कराया गया। योगाचार्य शर्मा ने बताया कि नियमित योग और भोजन को ठीक करके हम मोटापे पर नियंत्रण कर भविष्य में होने वाली गंभीर रोगों से बचा सकते हैं। शिविर में वरिष्ठ योग साधक वीरेंद्र इंडोपिया, सतीश गोयल, हरिओम वाधवा आदि ने भाग लिया।

### बालाजी मंदिर में रोट चढ़ेगा

**रावतभाटा,** (निसं)। राम टेकरी बालाजी मंदिर पर रोट चढ़ाया जाएगा। बलदेव माटा ने जानकारी देते हुए बताया की सभी मित्रों व समाज बंधुओं से निवेदन है कि मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर बलदेव माटा और उनके परिवार की और से राम टेकरी बालाजी मंदिर पर रोट चढ़ाया जाएगा। बलदेव माटा की और से सभी से सादर अनुरोध हैं, कि राम टेकरी बालाजी मंदिर पर मंगलवार को पधार कर श्री बालाजी का प्रसाद जरूर प्राप्त करें। मंगलवार 23 अप्रैल सुबह 10 बजे सुंदरकांड पाठ, इसके उपरांत सिद्धि पाठ, फिर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के मंदिर पर पहुंचने पर श्री बालाजी की महाआरती की जाएगी व प्रसाद वितरीत किया जाएगा।

### गर्मी में राहगीरों के लिए प्याऊ लगाई

**रावतभाटा,** (निसं)। भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए जामा मस्जिद के सामने पानी की प्याऊ का शुभारम्भ अंजुमन सदर हाजी मजहर हुसैन भाटी, सेकेट्री मोहम्मद हुसैन ने किया। कमेटी के आबिद हुसैन ने बताया कि प्याऊ लगाकर आम लोगों और राहगीरों को पानी पिलाया जा रहा हैं। पानी पिलाने का सिलसिला जुलाई माह तक चलेगा। प्याऊ शुभारम्भ के अवसर पर अंजुमन कमेटी के इम्तियाज़ हुसैन, अज्जू खान, हनीफ मंसूरी, नियाज मोहम्मद, हाजी रफीक मोहम्मद, हैदर अली, जाहिद अली, फैयाज खान, सत्तार मंसूरी, लतीफ अंसारी, फईम, इस्तियाक हुसैन, गुड्डू मलंग, जाकिर हुसैन मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व वन विभाग द्वारा गायत्री नगर नर्सरी पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही पक्षियों के लिए परिण्डे भी बांधे गये। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण कर पृथ्वी को बचाया जा सकता है। उपस्थित आमजन को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बताया कि पर्यावरण हमारे चारों ओर विद्यमान है।

### नेत्रदान संकल्प पत्र भरे

**छीपाबड़ौद** (निसं)। भारत विकास परिषद ने शाइन इंडिया कोटा के सहयोग से 3 लोगों के नेत्रदान संकल्प भरवाए गये नैत्र दान प्रभारी नरेंद्र बाठला ने बताया की नैत्र दान की इस श्रृंखला में आज प्रधानाचार्य कमलेश गुर्जर, भारत विकास सचिव विकास सोनी, पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह हाड़ा द्वारा नैत्रदान के संकल्प भरे गए सभी नैत्रदान के संकल्प कर्ताओं को अध्यक्ष राजेन्द्र योगी, अखिलेश गर्ग, लक्ष्मीकांत गौत्तम,धनराज सुमन द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान पत्र दिए गए।


### फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 22 साल से फरार चल रहे 4 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीआई राजेश खटाना ने बताया की पुलिस ने 22 साल से फरार चल रहे नारिया उर्फ नारसिंह (50) पुत्र बन्नेसिंह कंजर निवासी बिरयाईचक थाना कुंभराज जिला गुना एमपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 4 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

# फलमंडी एवं फल विक्रेताओं पर खाद्य सुरक्षा दल की कार्यवाही

**झालावाड़** (निसं)। विगत कुछ माह से बाजार में देखने में आ रही है कि फल व सब्जी विक्रेता बिना मौसम के फल व सब्जियों का बेचान कर रहे है। जब की मौसम से आने फल व सब्जीयाँ ही स्वास्थ्य के लिये अच्छे होते है। जिसका मानव शरीर पर काई दुष्प्रभाव देखने को नही मिलता है।

साथ ही जिले के ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों पर भी दैनिक रुप से वायरल के कई रोगी दिखाने आ रहे है। जिसका संज्ञान लेते हुये राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहा है शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत झालावाड़ जिले में फलों में पेस्टिसाइड व हेवी मेटल्स पर जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देश पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान द्वारा कार्यवाही करते हुए खाद सुरक्षा दल को झालावाड़ जिले में विभिन्न फल विक्रेताओं एवं फल मंडी में जाकर फलों में पेस्टिसाइड एवं हेवी मेटल्स की मिलावट है या नहीं इस हेतु सैंपल लेने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।



झालावाड़ में 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत कार्यवाही की गई।

इस क्रम में खाद सुरक्षा दल द्वारा झालावाड शहर एवं फल मंडी झालरापाटन में दो दर्जन दुकानों का निरीक्षण कर व्यापारियों को कटे फटे, सड़े गले फल नहीं बेचने एवं साफ सफाई रखने, लाइसेंस को प्रमुख प्रदर्शित भाग पर लगाने हेतु पाबंद किया तथा विभिन्न फल विक्रेताओं के यहां से अंगूर के नमूने पेस्टिसाइड एवं हेवी मेटल की जांच हेतु लिए जिन्हें केंद्रीय खाद्य प्रयोगशाला जयपुर भिजवाया जा रहा है जहां से रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जावेगी। मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब द्वारा 15 विभिन्न पदार्थों के नमूने जाचे गए।

जांच दल में खाद सुरक्षा अधिकारी गोविंद सहाय गुर्जर अरुण सक्सेना सहायक बालमुकुंद अहीता, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब टेक्नीशियन शहवेज खान शामिल रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान चिकित्सा विभाग की ओर से आमजन से अपील करते है कि वे अपने जानकार विक्रेता से ही फल व सब्जीयों की खरीददारी करे साथ ही विपरित मौसम के फल व सब्जीयों का सेवन नहीं करें।

## हनुमान जन्मोत्सव आज, नक्षत्र, लग्न योग का दुर्लभ संयोग

■ मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे

**छबड़ा** (निसं)। अष्ट सिद्धियों व नौ निधियो के दाता पवनपुत्र हनुमान का जन्मोत्सव आज मनाया जाएगा। विशेष बात यह है कि इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को पंचग्रही योग में मनेगा। इसके साथ ही इस दिन चित्रा नक्षत्र और वज योग का भी संयोग बन रहा है। यही वजह इस बार हनुमानजी का जन्म दिन पुण्य फलदायी है। इस दौरान शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना होगी।

ज्योतिशो के अनुसार इस बार हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार को पड़ने से इस बार खास है। यही वजह है कि इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर क खास संयोग बनने वाले हैं। 23 अप्रेल को मंगलवार है और मंगलवार हनुमानजी की पूजा का दिन होता है। इसके साथ ही इस दिन चित्रा नक्षत्र और वज योग का भी संयोग बन रहा है। इस दिन मीन राशि में पंचयही योग, मेष राशि में बुधादित्य योग और कुंभ राशि में शनि राजयोग बनेगा। ये सभी संयोग कुछ राशियों के लिए भाग्यशाली साबित होंगे। ऐसा माना जाता है कि बजरंगबली की पूजा-अर्चना करने से जीवन में मंगल ही मंगल होता है। साथ ही नकारात्मक शक्तियों से छुटकारा मिलता है। चैत्र शुक्ल पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 23 अप्रेल दिन मंगलवार को सुबह तीन बजकर 25 मिनट पर होगी। वही, इसका समापन 24 अप्रेल दिन बुधवार को सुबह पांच बजकर 18 मिनट पर होगा। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह चार बजकर 20 मिनट से पांच बजकर चार मिनट तक है। इस दिन सुबह 11 बजकर 53 मिनट से दोपहर 12 बजकर 46 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त है। वहीं, सुबह नौ बजकर 03 मिनट से 10 बजकर 41 मिनट के बीच हनुमानजी की पूजा करने के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इस दिन लाभ-उन्नति मुहूर्त सुबह 10 बजकर 41 मिनट से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक है। वहीं अमृत-सर्वत्तम मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 20 मिनट से 01 बजकर 58 मिनट तक है।

पूजा के दौरान श्रीहनुमान जी को सिंदूर और चोला अर्पित करना चाहिए। मान्यता है कि चमेली का तेल अर्पित करने से हनुमान जी प्रसन्न होते हैं। पूजा मंदिर में भी की जा सकती है। पूजा के दौरान सभी देवी-देवताओ को जल और पंचामृत अर्पित कर अबीर, गुलाल, अक्षत, फूल, धूप-दीप और भोग लगाना चाहिए। पूजा के अगले क्रम में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और हनुमान आरती का पाठ करना चाहिए।

## चोर गिरोह सक्रिय, चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी

**छबड़ा** (निसं)। इन दिनों लोग शादी-विवाह के कार्यक्रमों व खेती-किसानी में व्यस्त हैं। जिसका फायदा उठाने के लिए गांवो में अज्ञात चोर गिरोह सक्रिय हो गए हैं। मौके का फायदा उठाकर नकदी सहित अन्य सामग्री पर हाथ साफ कर रहे हैं। बीते कुछ दिनो से गांवो में बढती चोरी की वारदातो से ग्रामीण भी भयभीत हैं। बीती रात्रि को पाली थाना क्षेत्र के सेमला गांव में अज्ञात चोरो ने मकान की दीवार में एंडा लगाकर सोने-चांदी के आभूशण, घरेलू सामान सहित नगदी चुरा ली। आष्चर्य की बात तो यह है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस चौकी स्थित हैं। भाजपा देहात मण्डल अध्यक्ष ने पुलिस प्रषासन से लगातार बढती चोरी की वारदातों पर अंकुष लगाए जाने की मांग की हैं।

सेमला निवासी मंजूबाई पत्नी मुकेष गौड़ ने पाली थाने में दर्ज रिपोर्ट में गत रात्रि को अज्ञात चोरो ने उनके मकान की पीछे की दीवार मे एंडा लगाकर घर के अंदर घुस गए और वहां रखी एक एलईडी, एक सोने की नथ, एक मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, तीन बिछिया सहित दस हजार रूपए नगदी चुरा ली। इसी प्रकार, अज्ञात चोरो ने रोडुलाल की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे सिलाई के कपड़े व 40-50 हजार रूपए पर हाथ साफ किए। भाजपा देहात मण्डल अध्यक्ष अषोक गौड़ ने बताया कि एक-दो दिन पूर्व मदनाखेडी में भी एक मकान से चोरी हो चुकी हैं। वही, गत रात्रि को ही घाटाखेड़ी के घरों में अज्ञात चोर चोरी की नियत से घुस गए किंतु जाग होने से वे चोरी की वारदात को अंजाम नही दे सके। गौड़ के अनुसार सेमला में वर्तमान में चुनाव के चलते पुलिस चौकी लगी हुई है। इसके बावजूद भी चोरी की वारदाते घटित हो रही है और चोर हर रात्रि को किसी ना किसी गांव में ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में किसानों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है।

# छबड़ा में जल मंदिर का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं)। विश्व शांति के प्रणेता भगवान महावीर स्वामी के 2550वें जन्मोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषद की महिला सदस्यो ने जीव दया और तपती दोपहरी में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध करवाने के लिए शोभा माहेश्वरी द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ किया। भीषण गर्मी के चलते बेजुबान पक्षियों के लिए दाना, पानी की व्यवस्था के लिए मनीला अग्रवाल के सहयोग से हनुमान मंदिर परिसर में परिंडे भी बांधे गए।

परिषद की जिला प्रमुख मृदुला जैन के अनुसार छबडा शाखा द्वारा समय समय पर ऐसे सेवा प्रकल्प आयोजित किए जाते रहते हैं। आर्थिक व मानसिक रूप से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की सहायता समय समय पर की जाती रहती है। छबड़ा शाखा महिला प्रमुख सोनू शर्मा द्वारा भी अनेकों सेवाकार्य किए जाते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व महिला उपाध्यक्ष किरण गोलेछा, संजू माहेश्वरी, शारदा सोनी, ज्योति भार्गव, मीना जैन, बबिता चौरसिया, किरण गालव, भारत विकास परिषद अध्यक्ष कमलेश सोनी, प्रांतीय सदस्य ललित अग्रवाल आदि मौजूद थे। यहां मनीषा महेश्वरी, राजेश्वरी भार्गव, निरंजना जांगिड़, सीमा गुप्ता ने परिंडों में नियमित दाना पानी की व्यवस्था के लिए संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष बनवारी माहेश्वरी, शोभा माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा।




छबड़ा में राहगीरों के लिये शीतल जल उपलब्ध करवाने के लिए जल मंदिर का शुभारंभ किया।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में दिखाई देने लगी

**छबड़ा** (निसं)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में दिखाई देने लगी हैं। चुनाव को लेकर एएसपी सौरभ कोठारी के नेतृत्व में सोमवार को कस्बे के मुख्य मार्गो से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। यहां आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाने के लिए यह फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में एसडीएम रामसिंह गुर्जर, डीएसपी जेपी अटल, तहसीलदार अभिशेक पारीक, सीआई राजेष खटाणा, सीआरपीएफ कमाण्डेड शिव कुमार सहित पांच सौ जवान शामिल थे। इस दौरान पुलिस ने लोगों को यह संदेश दिया कि चुनाव में शरारती तत्वों द्वारा अगर कुछ भी गडबडी की गई तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीआई खटाणा ने बताया कि पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च के जरिए लोगों को मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया गया। लोगों से अपील की गई कि शांतिपूर्णसे चुनाव सम्पन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। छबडा मध्यप्रदेष की सीमा से सटा हुआ है। सीमावर्ती होने पर पुलिस अलर्ट मोड में है।



कस्बे के मुख्य मार्गों से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

## मौजूद सैक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में रवाना हुए

**बून्दी** (निसं)। आगामी 26 अप्रेल को लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण में होने वाले मतदान की तैयारी को लेकर सोमवार बून्दी जिले के सभी सैक्टर मजिस्ट्रेटों का बून्दी सीनीयर सैकण्डरी विद्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार से ही चुनाव समाप्ति तक सैक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केन्द्रों की विजिट करेंगे।

जिले में आयोजित प्रशिक्षण में जिला प्रशिक्षण अधिकारी दुर्गा शंकर मीणा ने सेक्टरों से कहा कि क्षेत्र में स्थित मतदान केदो पर छाया, पानी, रोशनी व अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण करें। किसी प्रकार की कमी रहने पर उसे पूरा करवाए, साथ में आचार संहिता की पालना भी सुनिश्चित हो।

मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो इसका विशेष ध्यान रखें। आमद रवानगी के प्रशिक्षण में अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा ही मौजूद रहे। इस दौरान शर्मा ने कार्मिकों से कहा कि मतदान दाल के कार्मिकों को सामग्री लेने व जमा करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

जिला स्तरीय ट्रेनर्स चन्द्रप्रकाश राठौर व कौशल जैन ने बताया कि सैक्टर मजिस्ट्रेट उनके सैक्टरों की महत्वपूर्ण कडी है। सैक्टर मजिस्ट्रेटों के पास कुछ अतिरिक्त ईवीएम मशीनें रहेगी जहां पर भी मशीनों में तकनीकी खामी होगी वहां तत्काल प्रभाव से मशीनों को बदलने का काम करेंगे। साथ ही उनके पास काला लिफाफा रहेगा जिसमें कई तरह की पर्चियां रहेगी। सैक्टर मजिस्ट्रेटो को मॉक पॉल प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करना है व विभिन्न प्रपत्रों को अपडेट रखना है। क्षेत्र में कानून व्यवस्था व मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं की देखरेख का कार्य भी रहेगा। जिसमें मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी, रोशनी, फर्नीचर व रेम्प आदि की व्यवस्था देखेंगे। क्षेत्र में किसी भी प्रकार का आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो रहा है, उस पर भी नजर रखेंगे।

48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद किसी प्रकार की राजनैतिक सभा व प्रचार प्रसार नहीं हो, वैसे मामले में नजर रखेंगे। प्रशिक्षण में सभी सेक्टरों को उनके दायित्व व कर्तव्य बताये। जहां पर किसी भी प्रकार की समस्या हो उच्चाधिकारियों को तुरन्त अवगत करावें। उन्हें वैब कास्टिंग के बारे में भी बताया।

## आओ बूथ चले कार्यक्रम आयोजित

**छीपाबड़ौद** (निसं)। जिला निर्वाचन एवं जिला कलेक्टर बारां के निर्देशानुसार लोक सभा आम चुनाव 2024 हेतु मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्धेश्य से आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु स्वीप नोडल अधिकारी एवम विकास अधिकारी हेमश्री प्रदुम्न द्वारा प्रतिदिन अलग अलग स्थान पर अलग अलग मतदान केंद्रों पर स्विप गतिविधियों का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने और मतदाताओ को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है इस कडी में विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत पछाड में मतदाताओ को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी सूर्य प्रकाश जारवाल के निर्देशन में राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आओ बूथ चले कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवम राजीविका की महिलाओं द्वारा मतदान केंद्र पर मतदान सम्बन्धित स्लोगन लिखकर रंगोली बनाकर मतदाता को मतदान करने का संदेश दिया।

# झालावाड़-बारां जिलों के अधिकारियों की बैठक

**झालावाड़** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अंतिम 72 घण्टों की एसओपी एवं डिप्लोयमेन्ट प्लान के संबंध में सोमवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य, पुलिसएवं व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में झालावाड़ एवं बारां जिले के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन मिनी सचिवालय के सभागार में किया गया।

बैठक में सामान्य प्रेक्षक आईएएस आंचल गोयल ने कहा कि सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए पूर्ण सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चुनाव एक जैसा नहीं होता, प्रत्येक चुनाव में किसी ना किसी रूप में नई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने दोनों जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों जिलों के मतदान केन्द्रों पर शीघ्र वेब कास्टिंग का कार्य पूर्ण करके डेमो करवाना सुनिश्चित करें एवं ईवीएम की सुरक्षा का विशेष तौर पर घ्यान रखें। उन्होंने कहा कि संबंधित एआरओ के कार्यालयों में रखी रिजर्व ईवीएम की जरूरत पड़ने पर बिना पुलिस जाप्ते के उनका परिवहन नहीं किया जाए। साथ ही स्ट्रॉन्ग रूम में निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं मतदान दलों के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए दवाईयों की व्यापक व्यवस्था की जाए।



झालावाड़ एवं बारां जिले के अधिकारियों की बैठक मिनी सचिवालय में हुई।

बैठक में पुलिस प्रेक्षक आईपीएस चन्द्र शेखर ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए दोनों जिलों के पुलिस विभाग के अधिकारी सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि चुनाव की दृष्टि से अंतिम 72 एवं 48 घण्टे अतिमहत्वपूर्ण होते हैं। इस समयावधि में किए जाने वाले कार्यों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी अपने-अपने जिलों में संवेदनशील मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों का भ्रमण करें एवं वहां के मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें।

इस दौरान व्यय प्रेक्षक आईआरएएस सिद्धार्थ दांगी ने कहा कि सभी निर्वाचन संबंधी अधिकारी एवं कर्मचारी लोकसभा चुनाव 2024 में गंभीरता से कार्य करते हुए अपने-अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने अंतिम 72 घण्टों में एफएसटी को एसएसटी में बदलकर बार्डर एरिया में अधिक सतर्कता रखते हुए नाकेबन्दी करवाने और अवैध सामग्रियों की जप्ती की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रखने की बात कही।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी झालावाड (कलक्टर) अजय सिंह राठौड़ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बारां (कलक्टर) रोहिताश्व सिंह ने अपने-अपने जिलों में की जा रही निर्वाचन संबंधी तैयारियों एवं गतिविधियों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही पुलिस अधीक्षक झालावाड़ ऋचा तोमर एवं पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चौधरी ने भी अपने-अपने जिलों में की जा रही पुलिस विभाग की तैयारियों के बारे जानकारी दी।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस शुभम भैसारे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी शम्भूदयाल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

